जेटीबीएस योजना

चर्चा में क्यों?

20 अक्तूबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार बिहार के समस्तीपुर रेल मंडल ने बेरोज़गार युवाओं के लिये जेटीबीएस योजना की शुरुआत की है, जिसके तहत रेलवे समस्तीपुर सहित कुल 28 स्टेशनों पर टिकिट बुकिंग एजेंट की तैनाती करेगा।

प्रमुख बिंदु

- इन स्टेशनों पर जेटीबीएस के माध्यम से लोग अनारक्षित टिकिट काट सकेंगे। इसके अलावा मासिक सीज़न टिकिट व प्लेटफॉर्म टिकिट काटने की भी सुविधा उन्हें मिलेगी। आसपास के स्टेशनों को इसके लिये चयनित किया गया है।
- चयन प्रक्रिया में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही साफ-सुथरी छवि के युवाओं का चयन किया जाएगा। इसके लिये समस्तीपुर रेल मंडल आवेदन लेगा। कमीशन के आधार पर इनका भुगतान किया जाएगा।
- विदित है कि वर्तमान में प्रति टिकिट 2 व मासिक सीज़न टिकिट पर 5 रुपए का भुगतान रेलवे की ओर से निर्धारित है।
- जेटीबीएस योजना के लिये समस्तीपुर, दरभंगा, सहरसा, रक्सौल, बापूधाम मोतिहारी, जयनगर, सीतामढ़ी, बेतिया, मधुबनी, नरकटियागंज, जनकपुर रोड, सुगौली, बगहा, बैरगनिया, लहेरियासराय, मधेपुरा, सुपौल, झंझारपुर, रुसेरा घाट, समिरी बख्तियारपुर, चकिया, हरनगर, बनमनखी, सकरी, पूर्णिया कोर्ट, मुरलीगंज, हसनपुर रोड और मोतीपुर स्टेशन शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jtbs-scheme